सपाइयों ने प्रदर्शन कर मुख्य चुनाव आयुक्त का फूंका पुतला

पुलिस और सपाइयों के बीच हुई नोकझोंक, पुतला छीनने के दौरान झुलसे कोतवाल

चित्रकूट। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफा और एसआईआर प्रक्रिया बंद कराने की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शहर में हाईवे पर प्रदर्शन किया। पटेल तिराहे पर पहले मुख्य चुनाव आयुक्त की प्रतिकात्मक अर्थी फूंकी फिर बाद में पुतला भी फूंका। इसे लेकर पुलिसकर्मी और सपाइयों के बीच नोक झोंक हुई। पुलिसकर्मियों के पुतला एवं अर्थी छीनने के प्रयास में कोतवाल अभयराज सिंह एवं एक सिपाही झुलस गये। कुछ सपाई भी मामूली रुप से झुलसे। प्रदर्शन के बाद सपाइयों ने सदर तहसील परिसर में सभा की। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। इसमें मुख्य चुनाव आयुक्त को बर्खास्त करने की मांग की है।

बुधवार को तनावपूर्ण माहौल और भारी पुलिस की मौजूदगी में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। अस्थाई बस स्टैंड से जुलूस निकालकर सपाई हाईवे पर पटेल तिराहे पर पहुंचे। इसी बीच दो अन्य मार्ग से लोहियावाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरज पटेल, मान सिंह पटेल, नरेंद्र यादव के साथ नारेबाजी करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त की प्रतिकात्मक अर्थी लेकर सदर तहसील की ओर बढ़े। तिराहे पर कार्यकर्ताओं ने सड़क पर अर्थी रखकर आग लगा दी। शहर कोतवाल एवं अन्य पुलिस कर्मियों ने दौड़कर आग को बुझाकर अर्थी को किनारे किया। इसी बीच दो कार्यकर्ताओं के पास मौजूद पुतला पुलिसकर्मियों ने छीन लिया। सभी सभा स्थल पहुंचे। इसके बाद जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव एवं सपा विधायक अनिल प्रधान की मौजूदगी में तहसील के सामने पुतला फूंका गया। पुलिस कर्मियों की सपाइयों से तीखी नोंकझोंक भी हुई। पुतले को छीनने और सड़क से हटाने के दौरान शहर कोतवाल अभयराज सिंह झुलस गये। कुछ सपाई भी मामूली रुप से झुलसे। कोतवाल का जिला अस्पताल में मेडीकल परीक्षण कराया गया। जनसभा में जिलाध्यक्ष ने एसआईआर में गड़बड़ी, काटे गये नामों को फिर से जोड़ने एवं अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। पूर्व सांसद बालकुमार पटेल ने कहा कि २०१४ में जनता ने भाजपा को भरोसे से सत्ता सौंपी थी, भाजपा ने धोखा दिया है। सदर विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि भीमराव आंबेडकर के संविधान से देश चलेगा। भाजपा की मनमानी नहीं चलेगी। पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल ने कहा कि चुनाव आयोग से पूरा देश नाराज है। पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज यादव ने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा की कठपुतली बन गया है, लोकतंत्र की हत्या कर रहा है। प्रदर्शन में सत्यनारायण पटेल, अफजल खान, अमर सिंह पटेल, रोहित यादव, श्याम बिहारी यादव, निजाम सिद्दीकी, राजेंद्र मौर्य, आशुतोष अग्रहरि, सियाराम गुप्ता, जर्नादन पटेल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मामला दर्ज कर की जा रही कारवाई-एसपी

चित्रकूट। एसपी एके सिंह ने बताया कि कोतवाली कर्वी क्षेत्रान्तर्गत मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पुतला दहन किया गया। सपा के लोग शांतिपूर्ण ढंग से ज्ञापन देने जा रहे थे। इसी दौरान अचानक उनके द्वारा विधिविरुद्ध आचरण करते हुए पुतला दहन किया गया। पुलिस द्वारा पुतला बुझाने का प्रयास किये जाने के दौरान हुई छीनाझपटी में एक दो पुलिसकर्मी भी चपेट में आए हैं।

प्रचार वाहन को डीएम ने दिखायी हरी झंडी

चित्रकूट। डीएम पुलकित गर्ग ने श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं त्रिदिवसीय श्रमिक स्वास्थ परीक्षण शिविर का प्रचार प्रसार करने के लिए प्रचार वाहन को झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट से रवाना किया। जल जीवन मिशन के निर्माण स्थल भभेट राजापुर में आयोजित श्रमिक स्वास्थ परीक्षण शिविर में श्रमिकों का परीक्षण किया गया। आज लेबर अड्डा कर्वी में सुबह ८ बजे से स्वास्थ परीक्षण शिविर आयोजित होगा।


मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन करते सपाई।

'दुर्गा पूजा त्योहार के मददेनजर सुरक्षा के रहें पुख्ता इंतजाम'

चित्रकूट। आगामी दुर्गा पूजा त्योहार को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए डीएम पुलकित गर्ग की अध्यक्षता तथा एसपी अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में

डीएम-एसपी ने आगामी त्योहारों के दृष्टिगत समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान डीएम ने समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्योहारों को सकुशल संपन्न कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कहा कि जनपद में कुल ११५२ दुर्गा पूजा पंडालों की स्थापना प्रस्तावित है। डीएम ने कहा कि सभी पूजा पंडालों में आयोजक द्वारा पूर्व से ही अग्नि सुरक्षा के पर्याप्त उपाय सुनिश्चित किये जाएं। अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया गया कि विसर्जन के रास्ते में जर्जर एवं लटके हुए तारों को तत्काल दुरुस्त कराएं। पंडालों के अंदर खुले तार पाए जाने अथवा कोई अप्रिय घटना घटित होने पर संबंधित पंडाल संचालक जिम्मेदार होंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत सहायकों के माध्यम से सतत निगरानी रखी जायेगी। कहा कि सर्वोच्च न्यायालय एवं शासन की मंशा के अनुरूप रात्रि १० से प्रातः ६ बजे तक डीजे, ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। अश्लील अथवा भड़काऊ गीतों के प्रसारण पर सख्त रोक रहेगी। नगर पालिका, नगर पंचायत क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायत राज अधिकारी नियमित साफ सफाई सुनिश्चित करेंगे। सड़कों पर घूम रहे छुट्टा पशुओं को पकड़ने के लिए कैटल कैचर का उपयोग कर उन्हें गौशालाओं में सुरक्षित पहुंचाया जाए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक क्षेत्र पंचायत में एक कैटल कैचर की अनिवार्यता के निर्देश दिये गये हैं।मूर्ति विसर्जन मार्गों को समय से गड्ढामुक्त एवं सुगम बनाया जाए। जिन स्थलों पर सर्वाधिक प्रतिमाओं का विसर्जन होता है। वहां विशेष व्यवस्थाएं, पेयजल के लिए टैंकर तथा सुरक्षा के लिए गोताखोरों की तैनाती की जाए। विसर्जन स्थल पर तैनात कर्मचारी निर्धारित समय पर अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहेंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को औषधियों की पर्याप्त उपलब्धता तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी को खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए निरंतर निरीक्षण अभियान चलाने के निर्देश दिये गये। एआरटीओ को सड़क सुरक्षा की सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने के लिए पाबंद किया गया। एसपी अरुण कुमार सिंह ने समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सघन गश्त पेट्रोलिंग जारी रखें। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन की गाइड लाइन का शत प्रतिशत अनुपालन कराया जाए और किसी भी दशा में बिना अनुमति नए स्थलों पर पंडाल स्थापित न हों। थानों पर पंडाल संचालकों के साथ बैठक कर सभी नियमों से अवगत कराया जाए। ताकि जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनी रहे।

ओवरब्रिज एवं निर्माण कार्य समयबद्ध और मानक के अनुरूप करें पूर्ण-डीएम

जौनपुर। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन. की अध्यक्षता में ५० लाख रुपये से अधिक लागत वाले निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। डीएम ने निर्माणाधीन सेतुओं एवं ओवरब्रिज के कार्यों को मानक के अनुरूप और गुणवत्तापूर्ण ढंग से तय समय में पूरा करने के निर्देश दिये।उन्होंने विशेष रूप से एप्रोच रोड निर्माण में तय मानकों का कड़ाई से पालन करने को कहा और चेतावनी दी कि शिथिलता मिलने पर संबंधित ठेकेदार एवं अधिकारी पर कड़ी कारवाई होगी। डीएम ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) मड़ियाहूं के अवशेष कार्य २५ अक्टूबर तक पूर्ण कर हैंडओवर करने के निर्देश दिये।जल जीवन मिशन (नगरीय) की समीक्षा करते हुए उन्होंने पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गयी सड़कों को शीघ्र पूर्व स्थिति में बहाल करने की हिदायत दी। बैठक में सीडीओ नरेंद्र बहादुर सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी डा. अरुण कुमार यादव सहित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलश पूजन के बाद शहर में निकली भव्य 'सेवा ज्योति यात्रा'

जन-जन तक जनकल्याणकारी योजनाओं का संदेश पहुंचाना लक्ष्य-शंकर गिरी

जौनपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा भव्य 'सेवा ज्योति यात्रा' निकाली गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति और संचालन जिला उपाध्यक्ष पंकज मिश्र ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी शंकर गिरी, खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव, राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, विधायक रमेश चंद्र मिश्र, विधायक रमेश सिंह, पालिकाध्यक्ष मनोरमा मौर्य, पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह, पूर्व विधायक सुरेंद्र प्रताप सिंह एवं सुषमा पटेल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अंबेडकर तिराहे से शुरू हुई यात्रा कलेक्ट्रेट, लाइन बाजार एवं खरका कालोनी होते हुए हाइडिल तिराहे पर पहुंची, जहां मंचस्थ अतिथियों द्वारा पवित्र कलश का विधिवत पूजन कर मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के उद्बोधन का सजीव प्रसारण देखा गया और 'विकसित भारत २०४७' के संकल्प के साथ राष्ट्रगान हुआ। वक्ताओं ने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य केंद्र एवं प्रदेश सरकार की नीतियों और सेवा भाव को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।


हाइडिल तिराहे पर आयोजित सेवा ज्योति कलश यात्रा कार्यक्रम में शामिल भाजपाई।

प्रधान लिपिक शाखा का एएसपी ने किया निरीक्षण

चित्रकूट। एएसपी पीयूषकान्त राय ने पुलिस कार्यालय स्थित प्रधान लिपिक शाखा का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान शाखा में रखे गये विभिन्न महत्वपूर्ण अभिलेखों एवं रजिस्टरों, यथा पत्रावली इंडेक्स, कैजुअल्टी रजिस्टर, चरित्र पंजिका, सेवा पुस्तिका, जांच, दण्ड, पेंशन आदि का गहनता से अवलोकन एवं मिलान किया।

अभिलेखों के रखरखाव एवं प्रविष्टियों की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों को अभिलेखों को अद्यावधिक रखने, व्यवस्थित ढंग से संधारित करने तथा कार्यालयीन कार्यों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

निरीक्षण के दौरान प्रधान लिपिक अनुभव सिंह, एसआईएम केशव प्रसाद शुक्ल, एसआईएम भानू प्रताप सहित प्रधान लिपिक शाखा का समस्त कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

एमएलसी चुनाव की व्यवस्थाओं को लेकर सीडीओ ने की बैठक

चित्रकूट। सीडीओ डीपी पाल की अध्यक्षता में इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से उत्तर प्रदेश विधान परिषद का द्विवार्षिक निर्वाचित निर्वाचन सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए प्रभारी, नोडल अधिकारियों को आवंटित कार्यों की निर्धारित समयसीमा में संपन्न कराए जाने एवं की गयी तैयारियों की समीक्षा के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट के सभागार में संपन्न हुई।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन की अधिसूचना २९ सितंबर, नाम निर्देशन के लिए अंतिम तिथि ६ अक्टूबर, नाम निर्देशनों की समीक्षा ७ अक्टूबर, नाम वापसी ९ अक्टूबर, मतदान २३ अक्टूबर एवं मतदान का समय ८ से ४ बजे तक, मतगणना २७ अक्टूबर को कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनपद में कुल १० मतदेय स्थल एवं ३ सहायक मतदेय स्थल हैं।

इस प्रकार कुल १३ मतदेय स्थल तथा ६ मतदान केंद्र हैं। कहा कि अंतिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली ६ जनवरी २०२६ को जनपद में कुल ११३९१ मतदाता स्नातक के हैं। कहा कि जनपद में ५ जोनल मजिस्ट्रेट ६ सेक्टर एवं ३ आरक्षित सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गयी है। उन्होंने कहा कि मतदेय स्थलों पर मूलभूत सुविधा यथा रैम्प, पेयजल, विद्युत, फर्नीचर, शौचालय, शेड एवं क्रैच आदि की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि टेंट, विद्युत, लाउड स्पीकर, फोटोग्राफी आदि की व्यवस्था समयानुसार होना चाहिए। सीडीओ ने कहा कि निर्वाचन से जो भी नोडल अधिकारी नामित किये गये हैं अपने कार्यों का निर्वहन मनोयोग से करेंगे। किसी प्रकार की शिथिलता नहीं होनी चाहिए यह सुनिश्चित कराएं।

डा. यशवीर सिंह होंगे जौनपुर के नये पुलिस कप्तान

जौनपुर। शासन द्वारा किये गये प्रशासनिक फेरबदल के तहत आईपीएस डा. यशवीर सिंह को जौनपुर का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है, जबकि निवर्तमान एसपी कुंवर अनुपम सिंह को पीएसी मुख्यालय लखनऊ भेजा गया है। डा. यशवीर सिंह इससे पूर्व बस्ती और रायबरेली में पुलिस कप्तान के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। मूल रूप से उत्तराखंड निवासी (जन्म १ जुलाई १९८७) डा. यशवीर सिंह पशु चिकित्सा विज्ञान से स्नातक हैं। वे पूर्व में एसडीआरएफ के सेनानायक रहने के साथ-साथ जालौन, सिद्धार्थनगर और सोनभद्र जिलों में भी बतौर एसपी तैनात रह चुके हैं। नवागत पुलिस अधीक्षक से जिले में प्रभावी अपराध नियंत्रण, सुदृढ़ कानून-व्यवस्था और जनता एवं पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की उम्मीद है।

साइबर जागरूकता माह-साइबर अपराध से बचाव के प्रति कर रहे जागरूक

चित्रकूट। एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपदवासियों को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने एवं साइबर अपराध के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा साइबर जागरुकता माह अक्टूबर के तहत व्यापक स्तर पर साइबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक पीयूषकान्त राय एवं क्षेत्राधिकारी मऊ फहद अली के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक साइबर सेल विजय कुमार सिंह एवं उनकी टीम के मार्गदर्शन में जनपद के समस्त थानों की साइबर हेल्प डेस्क टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में साइबर जागरूकता का नियमित अभियान के अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं, बालिकाओं, छात्र-छात्राओं एवं अध्यापको को साइबर अपराधों के विभिन्न प्रकार, उनसे बचाव के उपाय तथा साइबर अपराध घटित होने की स्थिति में तत्काल की जाने वाली कारवाई के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

बाल केंद्रित शिक्षा विकसित करने में निभायें सक्रिय भूमिका-प्राचार्य

चित्रकूट। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट शिवरामपुर में उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के लिए समर्थ माड्यूल आधारित आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम फेरे का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण का आयोजन प्रधानाध्यापकों में विद्यालय नेतृत्व, प्रशासनिक दक्षता, शैक्षिक प्रबंधन एवं विद्यालय विकास से संबंधित क्षमताओं के संवर्धन के उद्देश्य से किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रधानाध्यापकों को प्रधानाध्यापक की भूमिका, नेतृत्वकर्ता एवं प्रशासक के रूप में दायित्व, विद्यालय संसाधन प्रबंधन, सामुदायिक सहभागिता, विद्यालयीय वित्तीय कार्यों, शैक्षिक कार्यों तथा विद्यालय विकास से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गयी। साथ ही अंतर्विभागीय समन्वय एवं अभिसरण के माध्यम से विद्यालयों के समग्र विकास पर भी चर्चा की गयी। प्रशिक्षण के तीसरे दिन मानसिक स्वास्थ्य एवं वेलबीइंग, मानसिक स्वास्थ्य एवं वेलबीइंग से संबंधित समस्याओं के प्रकार, प्रारंभिक हस्तक्षेप एवं युक्तियों तथा परामर्श एवं प्रबंधन तकनीकों पर प्रतिभागियों को जानकारी दी गयी। इसके अतिरिक्त मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के अंत में पोस्ट टेस्ट एवं फीडबैक प्राप्त किया गया। समापन अवसर पर प्राचार्य बीके शर्मा ने प्रशिक्षणार्थी प्रधानाध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि

प्रधानाध्यापकों का समर्थ माड्यूल आधारित प्रशिक्षण का हुआ समापन

प्रधानाध्यापक विद्यालय के शैक्षिक एवं प्रशासनिक नेतृत्व की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग, शिक्षकों के साथ समन्वय, समुदाय की सहभागिता तथा बच्चों के अनुकूल शैक्षिक वातावरण का निर्माण प्रधानाध्यापक के नेतृत्व से ही संभव है। उन्होंने प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान एवं कौशल को विद्यालयों में प्रभावी रूप से लागू करने का आह्वान किया। प्राचार्य ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रधानाध्यापकों को प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर शुभकामनाएं दीं तथा अपेक्षा व्यक्त किया कि वे अपने विद्यालयों को गुणवत्तापूर्ण, समावेशी एवं बाल केंद्रित शिक्षा के आदर्श केंद्र के रूप में विकसित करने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रशिक्षण की उपयोगिता एवं अनुभव साझा किये गये। तीन दिवसीय प्रथम फेरे का प्रशिक्षण सकारात्मक एवं सार्थक वातावरण में संपन्न हुआ।

रहा तनाव, जुटी रही चार थाने की पुलिस

चित्रकूट। शहर के पटेल तिराहे के पास ही बुधवार को पटेल पार्क पर भाजपा का सेवा संकल्प कलश यात्रा का कार्यक्रम भी चल रहा था। इसमें जिला प्रभारी मंत्री नन्दगोपाल नन्दी और कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इसी बीच सपाइयों का जुलूस निकला तो दोनों के कार्यकर्ता आमने सामने आ गये। दोनों ओर से नारेबाजी हुई। इसे लेकर काफी देर तनाव की स्थिति बनी रही। अपर पुलिस अधीक्षक पीयुषकांत राय ने बताया कि इसका पहले से आभास था। इसीलिए चार थाने की पुलिस टीम को कार्यक्रम स्थल के आसपास तैनात की गयी थी जो दोनों दल के कार्यकर्ताओं को समझाने में जुटी रही।

खेल से विद्यार्थियों में विकसित होती है सकारात्मक ऊर्जा-प्रो. आर.के. सिंह

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में जौनपुर प्रीमियर लीग (जीपीएल) के सफल आयोजन को लेकर कुलपति सभागार में बुधवार को बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. आर.के. सिंह ने प्रतियोगिता की तैयारियों, छात्र सहभागिता, अनुशासन और स्वयंसेवकों की व्यवस्था की समीक्षा की।कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों में ऊर्जा और उत्साह के संचार के लिए जीपीएल का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालयीय जीवन सिर्फ कक्षाओं एवं परीक्षाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि सर्वांगीण विकास के लिए खेल, संस्कृति और टीमवर्क अनिवार्य हैं। उन्होंने कहा कि खेल मैदान बच्चों के सपनों और आत्मविश्वास का उत्सव है, जहां वे जीत के साथ परस्पर सहयोग एवं अनुशासन सीखते हैं। अतिथियों एवं खिलाड़ियों की व्यवस्था हेतु प्रबंधन एवं फार्मेसी संकाय के स्वयंसेवकों को जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

बैठक में प्रो. प्रमोद कुमार यादव, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. रजनीश भास्कर सहित आयोजन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

थाना बरगढ़, राजापुर एवं भरतकूप में हुई शांति समिति की बैठक

चित्रकूट। एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी नवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी मऊ फहद अली की उपस्थिति में थाना बरगढ़, प्रभारी निरीक्षक राजापुर नरेश प्रजापति द्वारा थाना राजापुर एवं प्रभारी निरीक्षक भरतकूप विनोद कुमार राय द्वारा थाना भरतकूप में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान, संभ्रांत व्यक्ति तथा दुर्गा प्रतिमा स्थापित करने वाले आयोजक उपस्थित रहे। इस दौरान उपस्थित लोगों से पर्व के आयोजन के संबंध में उनकी समस्याओं एवं सुझावों के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। अधिकारियों द्वारा सभी से अपील की गयी कि नवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण वातावरण तथा शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए मनाएं। डीजे की निर्धारित ध्वनि सीमा, विद्युत सुरक्षा, साफ सफाई एवं यातायात व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। साथ ही असामाजिकतत्वों पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए सभी से सहयोग की अपेक्षा की गयी।


पीस कमेटी की बैठक करते अधिकारी।

एसपी ने पुलिस कार्यालय में की जनसुनवाई

चित्रकूट। एसपी अरुण कुमार सिंह ने पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की। इस दौरान पुलिस कार्यालय पहुंचे फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनकर उनके शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित प्रभारी निरीक्षकख् थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

कहा कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा फरियादियों की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। साथ ही शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा करने के भी निर्देश दिये गये।

सीएचसी केराकत के मुख्य गेट पर जलभराव और गंदगी, मरीज बेहाल

जौनपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) केराकत के मुख्य प्रवेश द्वार पर बने गहरे गड्ढे और चारों ओर पसरी गंदगी के चलते अस्पताल आने वाले मरीजों एवं तीमारदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य गेट पर सड़क बदहाल होने और बारिश का पानी भरने से एम्बुलेंस सहित अन्य वाहनों के आने-जाने में बाधा उत्पन्न हो रही है। साथ ही परिसर में उगी झाड़ियों एवं गंदगी से संक्रमण का खतरा बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों ने स्वास्थ्य विभाग से मुख्य द्वार के गड्ढों को भरवाकर नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित कराने की मांग की है।


केराकत सीएचसी के मुख्य गेट पर बदहाल सड़क एवं जलभराव।

होमगार्ड प्लाटून कमांडर पर शादी का झांसा देकर दुराचार एवं धमकी का मुकदमा

जौनपुर। बदलापुर कोतवाली क्षेत्र में एक महिला की शिकायत पर पुलिस ने होमगार्ड प्लाटून कमांडर धर्मेंद्र कुमार शर्मा के विरुद्ध दुराचार, धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

पीड़िता का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले आरोपित ने मकान बनवाने, बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाने और शादी का झांसा देकर करीब आठ वर्षों तक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। जब महिला के पति को इस बात की जानकारी हुई तो उसने महिला को रखने से इनकार कर दिया। इसके बाद जब महिला ने आरोपित से दूरी बनाई, तो उसने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर साक्ष्य संकलन एवं विवेचना शुरू कर दी है।

बाल लैंगिक शोषण, मानसिक स्वास्थ्य और जीवन कौशल पर प्रशिक्षण शुरू

चित्रकूट। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय एवं अर्पण संस्था मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में बाल लैंगिक शोषण, मानसिक स्वास्थ्य तथा जीवन कौशल विकास पर केंद्रित क्षमता निर्माण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे द्वारा किया गया।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे ने कहा कि यह एक अत्यंत सार्थक और सराहनीय पहल है। जब बच्चे संकोचवश अपनी बात किसी से कह नहीं पाते या उनकी समस्याओं को अनसुना कर दिया जाता है, तो ऐसी स्थिति में इस प्रकार की कार्यशालाएं बहुत उपयोगी सिद्ध होती हैं। उन्होंने कहा, ष्हमारा समाज आज भी बहुत संकोची है। बच्चों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार को उजागर करने और रोकने के लिए ऐसे संवेदनशील कार्यकर्ताओं का तैयार होना आवश्यक है जो उनकी समस्याओं को समझकर सामने ला सकें। कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो. कपिल देव मिश्र ने अर्पण संस्था के मध्य प्रदेश स्टेट हेड अमित श्रीवास्तव तथा मुंबई से आई सीनियर काउंसलर नेहा मारू एवं भाविका पोरे का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. अजय कुमार चौरे ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। वहीं अर्पण के मध्य प्रदेश प्रभारी अमित श्रीवास्तव ने संस्था के कार्यों और बाल संरक्षण अभियानों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। दो दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यशाला के प्रथम दिवस तथा द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में मुंबई से आईं सीनियर काउंसलर नेहा मारू और भाविका पोरे द्वारा श्चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज एवं मेंटल हेल्थ सिनेरियोश् पर प्रतिभागियों को गहन प्रशिक्षण दिया जायेगा। कार्यक्रम में मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. नीलम चौरे, विश्वविद्यालय के शिक्षक तथा एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

२८वीं क्षेत्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिता की हुई शुरुआत

चित्रकूट। श्री गोस्वामी इंटर कालेज छीबों के ठाकुर उजागर सिंह खेल मैदान में २८वीं क्षेत्रीय बालक बालिका क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारम्भ गंगाधर मिश्रा ब्लाक प्रमुख रामनगर, संतोष कुमार पाण्डेय प्रबंधक, रामराज पांडेय सेवानिवृत प्रधानाचार्य, योगेन्द्र शुक्ला प्रधान पियरियामाफी ने माँ सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम में विद्यालय की बालिकाओं ने सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत प्रस्तुति दी। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक संतोष पाण्डेय ने क्षेत्रीय क्रीड़ा के सकुशल सम्पन्न होने की मंगल कामना करते हुए सभी का स्वागत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव शंकर चौधरी ने आये हुए सभी का आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथियों ने भी मंच को सम्बोधित करते हुए अपने उदगार व्यक्त किए। इस दौरान मुख्य अतिथियों ने मार्च पास्ट कार्यक्रम को सलामी दी।

मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख ने हरी झंडी दिखाकर १५ सौ मीटर दौड़ कराई। प्रथम दिवस की प्रतियोगिता में बालक, बालिका की ८०० मीटर दौड़, ५०० मीटर दौड़, १०० मीटर दौड़, २०० मीटर दौड़, करायी गयी। लम्बी कूद, गोला फेंक, डिसकस थ्रो एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता में शामिल रहे।

क्षेत्रीय प्रतियोगिता में तुलसी इंटर कालेज राजापुर, राजकीय बालिका इंटर कालेज राजापुर, महादेव इंटर कालेज नादिन कुर्मियान, पालेश्वर नाथ इंटर कालेज पहाड़ी, स्व लाला भाई पटेल इंटर कालेज कपना, हनुमत इंटर कालेज नादी, हरिमोहन सिंह इंटर कालेज बछरन, सरधुवा इंटर कालेज सरधुवा के छात्र छात्राएं प्रतियोगिता में शामिल हुए। क्रीड़ा प्रतियोगिता में व्यायाम शिक्षक संजय यादव की अहम भूमिका रही। आज प्रतियोगिता का समापन होगा।

सिंधी चैम्पियंस ट्राफी में प्रयागराज उपविजेता



माडेला आइसक्रीम प्रयागराज सिंधी स्ट्राइकर्स की टीम सिंधी चैंपियंस ट्राफी गोरखपुर में उपविजेता हुई है। प्रयागराज टीम के उपकप्तान गौरव मध्यान से प्राप्त जानकारी के अनुसार जुबली इंटर कालेज मैदान गोरखपुर में मंगलवार रात खेले गए फाइनल मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी शिव गंगा बेकर्स भारत फाइटर रायबरेली ने ८ ओवर में ८ पर ४७ रन (रोहित शिवनानी १९, प्रवेश असूदानी १४, मोहनिश मदनानी ४/११, यश मध्यान २/१९, गौरव मध्यान ने १/०७) जवाब में माडेला आइसक्रीम प्रयागराज सिंधी स्ट्राइकर्स की टीम ७.४ ओवर में ३७ रन (मोहनिश मदनानी २०, गौरव मध्यान १५) पर सिमटी। प्रयागराज टीम की कप्तानी जय वाधवानी ने की। टीम में गौरव मध्यान, यश मध्यान, जतिन अलवानी, मोहित रायचंदानी, प्रेम वाधवानी, आकाश बदलानी, मोहनिश मदनानी और आरव चावला शामिल रहे। टीम के ओनर केतन धनवानी, मैनेजर जितेश तहलानी और कोच बंटी तहलानी रहे।

बाक्सिंग प्रतियोगितामें हिस्सा लेनेके लिए ट्रायल कल

जिला एवं मण्डल स्तरीय सीनिय पुरुष बाक्सिंग चयन-ट्रायल्स पं.दीन दयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी के मौके पर १२ से १५ अक्तूबर तक मेरठ में प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरुष बाक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्रीय खेल

प्रयागराज खेल

कार्यालय की ओर से उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले जिला एवं मण्डल स्तरीय चयन-ट्रायल में सीनियर पुरुष वर्ग के लिए जिलास्तर पर नौ अक्तूबर की अपरान्ह दो बजे और मंडलस्तर पर नौ अक्तूबर को अपरान्ह तीन बजे मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में होगा।

इसलिए ट्रायल में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी अपने आधार कार्ड, नगर निगम द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, स्कूल बोनाफाइड, एड्रेस प्रूफ, पोसपोर्ट साइज फोटो के साथ उक्त आयोजन स्थल पर उपस्थित होकर चयन-ट्रायल में भाग ले सकते है।

स्वाति बनीं चंडीगढ़ महिला क्रिकेट टीमकी एसएंडसी कोच

स्वाति सिंह को मुंबई में आठ अक्तूबर से आयोजित अंडर-१९ महिला टी-२० ट्राफी के लिए चंडीगढ़ की महिला क्रिकेट टीम (यूटीसीए) का स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग (एसएंडसी) कोच नियुक्त किया गया है। टीम के मुकाबले नौ से १६ अक्टूबर तक खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में चंडीगढ़ के साथ पंजाब, आंध्र प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की टीमें शामिल हैं।



स्वाति इससे पहले चार वर्षों तक उत्तर प्रदेश की क्रिकेट टीम के साथ काम कर चुकी हैं। इसके अलावा वह अंडर-१५ राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) की टीम के साथ भी अपनी सेवाएं दे चुकी हैं।